SINCE-2003

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 171 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
मंगलवार 29 अक्टूबर, 2024

एमआई रोड से हुआ बाजार की लाइटिंग का स्वीच ऑन | 3

### वडोदरा में भारत-स्पेन के पीएम का रोड शो, एयरबस असेंबली का उद्घाटन किया

**पेड्रो सांचेज बोले**

**हम सहयोग जारी रखने के लिए तत्पर हैं**

## पॉसिबिलिटी को प्रॉस्पैरिटी में बदलने के लिए सही पार्टनरशिप जरूरी : मोदी

**वडोदरा (एजेंसी)**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज सोमवार को वडोदरा में रहे। सबसे पहले मोदी और सांचेज ने वडोदरा एयरपोर्ट से टाटा के प्लांट तक करीब पौने तीन किमी का रोड शो किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि हमने नए रास्ते पर चलना तय किया, नए लक्ष्य तय किए। इसका नतीजा सबके सामने है। पॉसिबिलिटी (संभावना) को प्रॉस्पैरिटी (समृद्धि) में बदलने के लिए सही प्लान और सही पार्टनरशिप का होना जरूरी है। इस कार्यक्रम में देश के 1500 कारोबारियों को भी आमंत्रित किया गया था।

इसके बाद दोनों प्रधानमंत्री वडोदरा के लक्ष्मी विलास पैलेस पहुंचे, जहां पीएम मोदी ने स्पेन से आए डेलिगेशन से



मुलाकात की। इस दौरान दोनों पीएम ने व्यापार संबंधी एमओयू पर साइन किए। पैलेस में हुई द्विपक्षीय बैठक में स्पेन के प्रधान मंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि जलवायु संकट, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय लीडर्स के प्रयासों और राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। इन मुद्दों से निपटने के लिए भारत का प्रभाव और नेतृत्व आवश्यक है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी, हम अपने महान सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।

सांचेज ने आगे कहा कि भारत न केवल इंडो-पैसिफिक बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ में भी अग्रणी भूमिका निभाता है। स्पेन लैटिन अमेरिका के साथ विशेषाधिकार प्राप्त संबंध बनाए रखता है, ऐतिहासिक संबंधों ने मध्य पूर्व, अफ्रीका में उपस्थिति बढ़ाई है और यह भू-राजनीतिक संरचना हमारे देशों को विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचने के कई अवसर प्रदान करती है। खास तौर पर भारत और स्पेन के भी कई लक्ष्य हैं, जिसमें बहुपक्षीय प्रणाली को मजबूत करना और दुनिया भर में शांति और लोकतंत्र को संरक्षित करना भी शामिल है। मैं आपको हाल ही में प्रधानमंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं। भारत आना मेरे लिए और स्पेनिश प्रतिनिधिमंडल के लिए भी सम्मान की बात है।

### पीएम मोदी रुकवा सकते हैं यूक्रेन-रूस जंग : जेलेंस्की

*नई दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस-यूक्रेन जंग खत्म कराने में बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं।*




### धनतेरस आज, बाजार में होगी धनवर्षा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** दीपावली पर सोने-चांदी की खरीदारी का विशेष महत्व होता है। धनतेरस पर मंगलवार को बाजार में जमकर धनवर्षा होगी। इस दिन हजारों करोड़ रुपए का कारोबार होगा। लोग ज्वैलरी, बर्तन और पूजा-पाठ की सामग्री जैसे मूर्तियां आदि खरीदते हैं। ऐसे में जरूरी है कि खरीदने से पहले सोने-चांदी की शुद्धता की जांच कर ली जाए। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के हॉलमार्क सेंटर पर यह जांच आसानी से की जा सकती है। जयपुर में वर्तमान में 22 हॉलमार्क सेंटर हैं, जहां सोने-चांदी की शुद्धता की जांच की सुविधा उपलब्ध है। इन सेंटरों पर आप केवल 50 रुपए में अपनी ज्वैलरी या सोने-चांदी के किसी भी प्रकार के सामान की शुद्धता जांच सकते हैं। इस प्रक्रिया में लगभग 10 मिनट का समय लगता है।

**राजस्थान विधानसभा उपचुनाव**

### सात विधानसभा क्षेत्रों में जांच के दौरान 11 नामांकन-पत्र रद्द

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में उपचुनाव के लिए 7 विधानसभा क्षेत्रों में अभ्यर्थियों के नामांकन-पत्रों की सोमवार को संवीक्षा हुई। 25 अक्टूबर तक 94 अभ्यर्थियों ने कुल 118 नामांकन-पत्र प्रस्तुत किए थे। संवीक्षा में कुल 11 नामांकन-पत्र रद्द हुए हैं। नामांकन-पत्र वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि संवीक्षा के दौरान दौसा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 4 नामांकन-पत्र रद्द हुए हैं। खींवसर और देवली-उनियारा में 2-2 तथा झुंझुनूं, चौरासी और सलूम्बर में 1-1 नामांकन रद्द हुए हैं। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कोई भी नामांकन-पत्र रद्द नहीं हुआ है। इस प्रकार कुल 11 नामांकन-पत्र रद्द हुए हैं, जिससे 10 अभ्यर्थियों की अभ्यर्थना समाप्त हो गई है। महाजन के अनुसार, 7 विधानसभा क्षेत्रों में संवीक्षा के बाद अभ्यर्थियों की संख्या 84 रह गई है।

### जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। अफसरों ने बताया कि एक आतंकवादी की बॉडी मिल गई है। सुबह 7.26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल (एलएसी) के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी।



## रीट परीक्षा-2021 के पेपर लीक गिरोह का मास्टर माइंड सुरेश ढाका भगौड़ा घोषित

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2021 के पेपर लीक गिरोह के मास्टर माइंड सुरेश ढाका को कोर्ट ने भगौड़ा घोषित किया है। सरगना सुरेश ढाका के खिलाफ पहले कुर्की की कार्रवाई हो चुकी है। भगौड़ा घोषित होने के बाद अब इश्तहार जारी होगा। सुरेश ढाका के खिलाफ यह कार्रवाई उदयपुर के सुखेर थाने में दर्ज मामले में की गई है। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामले में उदयपुर के सुखेर थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। प्रकरण में पेपर लीक गिरोह का सरगना सुरेश ढाका की पुलिस तलाश कर रही है। पूर्व में 37 पुलिस एक्ट की कार्रवाई की गई थी।

एसओजी की ओर से विशेष लोक अभियोजक भंवरसिंह चौहान ने कोर्ट में कहा कि पेपर लीक गिरोह सरगना सुरेश ढाका के खिलाफ 37 एक्ट का वारंट जारी किया गया था। ढाका तलाश के बाद भी नहीं मिल रहा। उसके निकट भविष्य में मिलने की संभावना नहीं है। ऐसे में उसे भगौड़ा घोषित करने की दलील दी गई। कोर्ट ने आदेश जारी कर सुरेश ढाका को भगौड़ा घोषित कर दिया। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक को लेकर उदयपुर के बेकरिया थाने में भी प्रकरण दर्ज है। दर्ज प्रकरण में कोर्ट ने फरार आरोपी सुरेश बिश्नोई, प्रदीप खींचड़, नेतराम कलबी और जोगेन्द्र को भगौड़ा घोषित किया है। इसके बाद कोर्ट के भगौड़ा घोषित किए आरोपियों का अब इश्तहार जारी होगा। इस प्रकरण में पेपर लीक गिरोह सरगना सुरेश ढाका के खिलाफ पूर्व में कुर्की की कार्रवाई के बाद भगौड़ा घोषित किया जा चुका है।

## सुरक्षा में सेंध : बॉर्डर से लेकर सिटी तक संदिग्ध जासूसों का जमावड़ा

**पोकरण में संदिग्ध जासूस और जयपुर में पाक महिला पकड़ी**

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** प्रदेश की तमात सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर कुछ आसामजिक ताकतें देश व प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे है। सोमवार को पोकरण जैसलमेर में सीआईडी ने एक संदिग्ध जासूस पकड़ा है, जिसके पास सिम कार्ड, डायरी व अन्य दस्तावेज मिले है। वहीं राजधानी जयपुर के जयसिंहपुरा खोर इलाके में पहचान छिपा कर रह रही एक पाकिस्तानी महिला को पुलिस ने पकड़ा है। महिला ने फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह से अपना आधार कार्ड समेत जरूरी दस्तावेज तक बनवा रखे है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार पोकरण जैसलमेर की सीआईडी इंटेलीजेंस ने सोमवार को पोकरण में एक संदिग्ध को पकड़ा है जो मानसिक रोगी के बहाने से बॉर्डर क्षेत्र में घूम कर आया था। उसके पास से विदेश सिम समेत अन्य दस्तावेज मिले है। इंटेलीजेंस यूनिट उससे पूछताछ कर रही है। वहीं इधर प्रदेश की राजधानी जयपुर में 12 बांग्लादेशियों के पकड़े जाने के बाद सोमवार को नाईं की थड़ी जयसिंह पुरा खोर में पहचान छिपा कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर रह रही पाकिस्तानी महिला को पकड़ा है। महिला को यहां के कुछ लोगो ने सपोर्ट किया और सक्रिय फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह से उसके वैध दस्तावेज भी बनवा दिए। महिला के पास पाकिस्तान व भारत से जुड़े कई वैध व फर्जी दस्तावेज मिले है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### हार्डकोर गौ-तस्कर को एससी से जमानत, सरकारी वकील पेश नहीं हुए

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** गौ-तस्करी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश से राजस्थान सरकार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कोर्ट ने एक हार्डकोर गौ-तस्कर को जमानत देते हुए कहा कि राज्य सरकार को नोटिस जारी करने के बाद भी मामले में कोई वकील पेश नहीं हुआ। इससे कोर्ट के सामने यह तथ्य नहीं आ सके कि आरोपी के खिलाफ दर्ज मौजूदा मामले और 7 अन्य मामलों का क्या स्टेटस है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जव भुयान की बेंच ने माना कि आरोपी नाजुब खान उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में राजस्थान में मुकदमे के दौरान उसके अनुपस्थित रहने की संभावना है, लेकिन उसे अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखने का कोई कारण भी दिखाई नहीं देता है। कोर्ट आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश देती है।




**बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बोले** | **कोई नहीं जानता संगठन का अगला अध्यक्ष कौन होगा ?**

## कांग्रेसी कह रहे आपने अच्छे प्रत्याशी उतारे, आधा चुनाव तो आप जीत गए : राठौड़

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

प्रदेश में सात सीटों पर उपचुनाव को लेकर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि हम सभी जगह गए हैं। हमारे कार्यकर्ताओं में उत्साह है। मेरा संपर्क सभी से है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मेरा संपर्क है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता भी कह रहा है कि आपने जिन उम्मीदवारों का चयन किया है। वह बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी से मिलना-जुलना होता है। कार्यक्रमों में हम साथ बैठते हैं। वहां कांग्रेस कार्यकर्ता बोलते हैं कि आपने सही प्रत्याशी का चयन करके मैदान में उतारा है। आधा चुनाव तो आप जीत गए हैं। वह आधा चुनाव जीतने की बात कह रहे हैं तो बाकी का चुनाव हम अपने कार्यकर्ताओं के दमखम से जीत जाएंगे। सभी क्षेत्रों में बहुत उत्साह हैं। हम सातों सीटें जीतेंगे।



बीजेपी में इस साल संगठन के चुनाव होने हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर से प्रदेश स्तर तक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति भी की जा चुकी हैं। आज इसी के मद्देनजर बीजेपी कार्यालय में संगठन पर्व कार्यशाला आयोजित की गई।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश में 2500 से ज्यादा राजनीतिक पार्टियां है, लेकिन उनमें से अधिकांश पारिवारिक अथवा व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है। बीजेपी में ऐसा नहीं है। हमारे यहां जो भी अध्यक्ष बनता है, वो वंशानुगत नहीं होता हैं।